(ख) यदि हां, तो इस किस्म की रूई का कितनी मात्रा में तथा किस प्रयोजन हेतु आयात किए जाने की संभावना है ?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वेंकट स्वामी) : (क) सरकार ने किस्म संबंधी प्रतिबंधों के बिना मूली कताई मिलों द्वारा कपास की 5 लाख गांठों का शुल्क मुक्त आयात करने की अनुमति दी है ।

(ख) ऐसी आशा है कि सभी प्रकार की कपास का आयात किया जाएगा । इसका उद्देश्य कपास की स्थानीय उपलब्धता बढ़ाना तथा कपास की कीमतों में वृद्धि होने की प्रवृत्ति को नियंत्रित करना है ।

आयकर समझौता आयोग में कुप्रबंध

*329. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 30 जनवरी—5 फरवरी, 1994 के हिंदी साप्ताहिक "सण्डे मेल" में "फिजूल खर्च का केन्द्र है आयकर समझौता आयोग" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) सरकारी धन का दुरुपयोग करने अथवा उसको अनुचित रूप से खर्च करने के लिए दोषी पाए गए अधिकारियों के विरुद्ध क्या कदम उठाए गए हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चंद्रशेखर मूर्ति) : (क) जी हां ।

(ख) समझौता आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य परस्पर सरकारी कामों को संपादित करने के लिए सरकारी दौरों पर गए थे । फिजूल खर्ची का कोई प्रमाण नहीं पाया गया था ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश में स्वचालित टेलीफोन एक्सचेंज

*330 **श्री अजीत जोगी** :
श्री मूलचन्द मीणा ।

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में इस समय कुल कितने स्वचालित टेलीफोन एक्सचेंज कार्य कर रहे हैं ;

(ख) इनमें से प्रत्येक एक्सचेंज की क्षमता कितनी-कितनी है;

(ग) क्या सरकार चालू वर्ष में उस राज्य में ऐसे नये टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित करने का विचार रखती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) मध्य प्रदेश में इस समय 2334 ऑटोमेटिक टेलीफोन एक्सचेंज कार्य कर रहे हैं ।

(ख) मध्य प्रदेश में उपर्युक्त टेलीफोन एक्सचेंजों की कुल सज्जित क्षमता 624885 लाइनों की है । प्रत्येक एक्सचेंज की क्षमता के बारे में सूचना एकत्र की जा रही है और इसे सभा-पटल पर रख दिया जाएगा ।

(ग) जी हां ।

(घ) चालू वर्ष के दौरान अर्थात् वर्ष 1994-95 में मध्य प्रदेश में 205 एक्सचेंज स्थापित किए जाएंगे । ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं । **(सीधे देखिए)** तथापि, यह उपस्कर और निधि की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

1994-95 के दौरान खोले जाने वाले प्रस्तावित टेलीफोन एक्सचेंजों के जिलेवार ब्यौरे

क्र० सं०	जिले का नाम	एक्सचेंजों की सं०
1	बालाघाट	5
2	बस्तर	5
3	बैतूल	3
4	भिंड	3
5	भोपाल	2
6	बिलासपुर	8
7	छतरपुर	8
8	छिंदवाड़ा	5
9	दामोह	3
10	दतिया	2
11	देवास	4
12	धार	4
13	दुर्ग	3
14	गुना	5
15	ग्वालियर	4
16	होशंगाबाद	10
17	इन्दौर	6
18	जबलपुर	5
19	झाबुआ	3
20	खंडवा	3
21	खरगौन	5
22	मांडला	4
23	मंदसौर	5
24	मुरेना	5